<u>सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल में हाइकिंग कार्यक्रम 2019</u>

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में कक्षा सातवीं के छात्र – छात्राओं के लिए हाइकिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा सातवीं के बच्चों ने भाग लिया। दिनांक 28 सितम्बर के हाइकिंग के इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने स्काउट एवं गाइड की यूनिफॉर्म पहनकर सर्वप्रथम बिड़ला मंदिर परिसर में पहुँचकर लोगों को स्वच्छता का सन्देश दिया।

छात्र – छात्राओं ने स्वयं भी प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ भोपाल का संकल्प लिया तथा अपने आस –पास के कचरे को कूड़ादान में डालकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागृत किया। बिड़ला मंदिर के बाद सभी छात्र –छात्राएँ मानव संग्रहालय तथा जनजातीय संग्रहालय पहुँचे । वहाँ पर विभिन्न जनजातियों के खान –पान उनके पहनावे , त्योहार ,धर्म तथा संस्कृतियों को जानकर लाभान्वित हुए । सभी ने अपने शिक्षकों से प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। अपने साथ लाई गई डायरी में वहाँ लिखित जानकारी को लिखकर अपने पास सुरक्षित किया।

इस हाइकिंग कार्यक्रम में कक्षा सात की समस्त कक्षा शिक्षिकाएँ स्काउट एवं गाइड के सभी शिक्षक तथा पहली बार हाइकिंग में शामिल हुए हिन्दी माध्यम के कक्षा सात के 24 छात्र –छात्राएँ तथा उनकी शिक्षिका भी शामिल थीं। संग्रहालय घूमने के पश्चात् सभी छात्र– छात्राओं ने अपने साथ लाए गए भोजन का आनन्द उठाया। स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त भोपाल का सन्देश देते छात्र –छात्राएँ दोपहर 3 बजे वापस विद्यालय में आ गए । सभी छात्र उत्साह से भरे एवं आनन्दित थे।